अमर उजाला
नैनीताल | शुक्रवार | 25 फरवरी 2011
युवा नैनीताल

सूर्य की रोशनी से चमकेगा भविष्य

युवाओं को रोजगार की स्केल की कोशिश

हल्द्वानी। सोलर एनर्जी से युवाओं को रोजगार के अवसर दिलाने के लिए स्वयंसेवी संस्था स्केल ने पहल की है। संस्था कुमाऊं के युवाओं को इस क्षेत्र से जोड़ने के लिए उन्हें निशुल्क सोलर उपकरण बनाने का प्रशिक्षण दे रही है जिससे भविष्य में बेरोजगार अपनी यूनिट स्थापित कर सकें। इसके लिए संस्था ने बाकायदा बंगलूरू से योग्य प्रशिक्षकों को बुलाया है।

नवाबी रोड स्थित कार्यालय में बृहस्पतिवार को संस्था के महासचिव अरुण सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि संस्था ने चंपावत, भीमताल, हल्द्वानी आदि स्थानों से 15 युवाओं का चयन किया है जिन्हें प्रशिक्षण उपलब्ध दिया जा रहा है। इन्हें सोलर लालटेन, मोबाइल चार्जर आदि की एसेंबलिंग सिखाई जा रही है। विशेष बात यह है कि

संस्था ने बंगलूरू से बुलवाए प्रशिक्षक

इन उपकरणों का सर्किट तैयार करने से लेकर उसे सोलर पैनल से जोड़ने का काम यहीं सिखाया जा रहा है। संस्था के डा. गौतम भट्टाचार्य बंगाल सरकार के सलाहकार भी हैं। ब्रिटिश सरकार ने सोलर एनर्जी के क्षेत्र में डा. भट्टाचार्य को ग्रानी आस्कर पुरस्कार से भी सम्मानित किया है। डा. भट्टाचार्या का कहना था कि उत्तराखंड में सोलर एनर्जी के क्षेत्र में रोजगार के बड़े अवसर हैं। संस्था खुद अपने संसाधनों से युवाओं को प्रशिक्षित कर इस क्षेत्र से जोड़ने की कोशिश कर रही है। प्रशिक्षण के बाद युवाओं को बैंक लोन दिलाने में भी मदद की जाएगी।